CONFIDENTIAL

## MEMORANDUM

| | |
|---|---|
| Minister Incharge | Finance & Planning Minister, Haryana. |
| Administrative Secretary | Financial Commissioner and Principal Secretary to Government, Haryana, Planning Department. |

**Subject : Annual Administrative Report of the Department of Economic and Statistical Analysis, Haryana for the year 2008-09 alongwith its Review.**

*********

The Annual Administrative Report ( in Hindi only ) alongwith Review and Critique (both in Hindi as well as in English) of the Department of Economic and Statistical Analysis, Haryana for the year 2008-09 is placed before the Council of Ministers for approval in accordance with the instructions issued by the Chief Secretary to Government, Haryana vide his U.O.No.15/19/91-4 P.P., dated the 30th March, 1993.

The prior approval of the Chief Minister, Haryana has been obtained for placing this matter before the Council of Ministers.

Asharan

( Ajit M.Sharan )
Financial Commissioner and Principal
Secretary to Government, Haryana,
Planning Department.

Dated : Chandigarh
the 10-7-2009

## REVIEW OF THE WORK DONE IN THE DEPARTMENT OF ECONOMIC AND STATISTICAL ANALYSIS, HARYANA DURING THE YEAR 2008-09

****

The main functions of the Department of Economic and Statistical Analysis are to collect, compile and analyse various types of statistics required for planning and formulation of various development programmes in the State. It also undertakes surveys on various socio-economic aspects of the State, conducts evaluation studies, assists in formulating Five Year and Annual Plans and advises the State Government on economic and statistical matters.

During the year 2008-09, the State Statistical Abstract of Haryana 2007-08, containing comprehensive statistics on various socio-economic aspects of the State was published in time and was distributed amongst the Hon'ble Members of the Legislative Assembly alongwith other budget documents during Budget Session.

"An Economic Survey of Haryana 2008-09" indicating the status of development in various sectors of the State economy was prepared and distributed in Haryana Vidhan Sabha during the Budget Session.

The Department conducted the Census of Haryana Government Employees as on 31-3-2007 and issued a Card containing classification of Haryana Government Employees according to various categories. Besides, the work regarding collection and compilation of Census of Haryana Government Employees as on 31-3-2008 remained in progress.

The Monthly Consumer Price Index for working class was worked out on regular basis for its publication in Haryana's Gazette (Part-II). Besides, monthly statements of agricultural labour wages and rural retail prices, consumer's retail and wholesale prices of selected commodities were also collected & compiled for submission of various reports and returns to State and Central Government.

Estimates of Gross State Domestic Product, Net State Domestic Product and Per Capita Income for the year 2006-07 were prepared both at current and constant (1999-2000) prices. Quick estimates of Gross State Domestic Product, Net State Domestic Product and Per Capita Income for the year 2007-08 and advance estimates for the year 2008-09 for all sectors were also prepared both at current and constant (1999-2000) prices.

The reports on "Economic-cum-Purpose Classification of Haryana Government Budgets for the year 2008-09, "An Economic and Functional Classification of Budgets of Municipal Committees/ Councils/ Corporations in Haryana for the year 2006-07" and "An Analysis of States Finances for the year 2007-08 were prepared.

The study reports on "Economics of Farming" and "Family Budgets of Cultivators" for the year 2006-07 were prepared and got printed.

The Annual Index of Industrial Production according to Industrial Classification for the year 1999-2000 to 2007-08 with 1999-2000 as base year was prepared.

The survey work of 64th round of National Sample Survey was completed and work regarding 65th round remained in progress.

Training camps in four districts of the State were organised in which 92 officials of various departments were imparted training in elementary statistics.

District Statistical Abstracts and Municipal Year Books for the year 2006-07 of all the districts of the State were prepared.

During the year 2008-09, Annual Plan for the year 2008-09 was prepared and got approved and printed. Draft Annual Plan 2009-10 was also prepared.

Funds were released during the year 2008-09 under District Plan Scheme to all the districts in the State.

During the year 2008-09, the Evaluation Study namely, Post Matric Scholarship to the Students belonging to Scheduled Castes was completed. Besides, studies relating to Sarv Shiksha Abhiyan, Construction of Water Courses, Community Forestry Project and Family Welfare Programme remained in progress.

Monthly and Quarterly Progress Reports relating to implementation of 20-Point Programme in the State were regularly monitored and the requisite reports were forwarded to the Government of India.

The District Statistical Agencies remained busy with the preparation/ revision of District Statistical Abstracts, District Socio-Economic Reviews, Municipal Year Books and other statistical activities in their respective districts.

ASharan

Dated : Chandigarh
10-7-2009

Ajit M.Sharan,
Financial Commissioner & Principal
Secretary to Government, Haryana,
Planning Department.

# CRITIQUE OF THE ANNUAL ADMINISTRATIVE REPORT OF THE DEPARTMENT OF ECONOMIC AND STATISTICAL ANALYSIS, HARYANA FOR THE YEAR 2008-09

****

During the year 2008-09 the Department of Economic and Statistical Analysis, Haryana continued functioning satisfactorily. The collection, compilation and analysis of statistics on various socio-economic aspects of the State were undertaken. The Department brought out State Statistical Abstract for the year 2007-08. This publication has immense utility for taking policy decisions, formulation of development plans and for research institutions. It was distributed among the legislators at the last budget session alongwith other budget documents. Like-wise, Economic Survey of Haryana, 2008-09 was also brought out and distributed among the Legislators during the Budget Session.

The Department also conducted Census of Haryana Government Employees, compiled monthly information of agricultural labour wages, retail and wholesale prices, regularly issued the consumer price index numbers and Indices of Industrial Production. Estimates of Gross State Domestic Product, Net State Domestic Product and Per Capita Income of Haryana for the year 2006-07 both at current and constant (1999-2000) prices were prepared. The quick estimates of Gross State Domestic Product, Net State Domestic Product and Per Capita Income for the year 2007-08 for all sectors both at current and constant (1999-2000) prices were also prepared. The reports on "Economic-cum-Purpose Classification of Haryana Government Budget for the year 2008-09", "An Analysis of States Finances for the year 2007-08 and "An Economic and Functional Classification of Budgets of Municipal Committees/ Councils/ Corporations in Haryana for the year 2006-07" were prepared. The study reports namely "Economics of Farming" and "Family Budgets of Cultivators" both for the year 2006-07 were prepared and got printed.

The Planning Wing of this department prepared Annual Plan 2008-09 and the same was got approved and printed. Draft Annual Plan 2009-10 was also prepared.

During the year 2008-09, the Evaluation Study namely, Post-Matric Scholarship to the Students belonging to Scheduled Castes' was completed. Besides, studies relating to Sarv Shiksha Abhiyan, Construction of Water Courses, Community Forestry Project and Family Welfare Programme were remained in progress.

The implementation of 20-Point Programme was regularly monitored satisfactorily both at the State and district level. District Statistical Agencies remained busy in statistical activities including updating District Statistical Abstracts, District Socio-Economic Reviews and Municipal Year Books.

Dated : Chandigarh
10-7-2009

Ajit M.Sharan,
Financial Commissioner & Principal
Secretary to Government, Haryana,
Planning Department.

# अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा की वर्ष 2008–09 के कार्य की समीक्षा ।

अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग का मुख्य कार्य राज्य में विभिन्न विकास कार्यक्रमों के नियोजन एवं प्रशासन हेतू विभिन्न प्रकार के अभीष्ट आंकड़ों को एकत्रित, संकलित एवं विश्लेषण करना है । राज्य के विभिन्न सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर सर्वेक्षण करना, मूल्यांकन अध्ययन करना, पंचवर्षीय योजना तथा वार्षिक योजना बनाने में सहायता प्रदान करना तथा आर्थिक एवं सामाजिक विषयों पर राज्य सरकार को परामर्श देना आदि कार्य भी इसी विभाग द्वारा सम्पन्न किये जाते हैं ।

वर्ष 2008–09 के दौरान सांख्यिकीय सारांश हरियाणा, 2007–08 जिसमें राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं पर विस्तृत आंकड़े दिये जाते हैं, को तैयार करके मुद्रित करवाया गया व बजट सत्र के दौरान विधान सभा में अन्य बजट प्रलेखों के साथ माननीय विधानसभा के सदस्यों में वितरित किया गया ।

'आर्थिक सर्वेक्षण हरियाणा, 2008–09' जिसमें राज्य अर्थ–व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति दर्शाई जाती है, को तैयार करके मुद्रित करवाया गया व बजट सत्र के दौरान हरियाणा विधान सभा में वितरित किया गया ।

विभाग द्वारा 31 मार्च, 2007 को हरियाणा सरकार के अधीन अमला के आंकडों की गणना का कार्य किया गया व विभिन्न श्रेणियों के अनुसार कर्मचारियों के वर्गीकरण सम्बन्धी कार्ड जारी किया गया । इसके अतिरिक्त 31 मार्च, 2008 से सम्बन्धित अमला के आंकडों का एकत्रीकरण व संकलन कार्य भी जारी रहा ।

हरियाणा गजट भाग II में प्रकाशन के लिए मासिक उपभोक्ता कीमत सूचकांक नियमित तौर पर ( श्रमिक वर्ग ) तैयार किया जाता है । इसके अतिरिक्त कृषि श्रमिक मजदूरी एवं ग्रामीण खुदरा कीमत, चुनी हुई वस्तुओं की खुदरा एवं थोक भाव की मासिक विवरणिया एकत्रित तथा संकलित करके राज्य तथा केन्द्र सरकार को भिन्न–भिन्न प्रकार की रिपोर्ट एवं सूचना प्रेषित की गई ।

प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) दोनों भावों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय अनुमान वर्ष 2006–07 के लिये तैयार किये गये। सभी क्षेत्रों से सम्बन्धित वर्ष 2007–08 के द्रुत अनुमान तथा वर्ष 2008–09 के अग्रिम अनुमान भी तैयार किये गये ।

'हरियाणा सरकार के बजट वर्ष 2008–09 का आर्थिक एवं प्रयोजनवार वर्गीकरण', 'हरियाणा राज्य की नगरपालिकाओं/परिषदों /निगमों के बजटों का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण वर्ष 2006–07' तथा 'राज्यों के वित्त का विश्लेषण वर्ष 2007–08' नामक प्रतिवेदन तैयार किए गए ।

वर्ष 2006–07 से सम्बन्धित 'हरियाणा में कृषकों की आर्थिक व्यवस्था' व 'कृषकों का परिवार बजट' नामक अध्ययन रिपोर्टस तैयार की गई व मुद्रित करवाई गई ।

औद्योगिक वर्गीकरण अनुसार वार्षिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक वर्ष 1999–2000 से 2007–08 (आधार वर्ष 1999–2000) को तैयार किया गया ।

राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण के 64 वें चरण का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया तथा 65 वें चरण का कार्य प्रगति पर रहा ।

राज्य के चार जिलों में प्रशिक्षण कैम्प आयोजित किए गए जिनमें विभिन्न विभागों के 92 कर्मचारियों को प्राथमिक सांख्यिकी में प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

सभी जिलों के वर्ष 2006–07 के जिला सांख्यिकीय सारांश तथा नगरपालिका वार्षिक पुस्तक को तैयार किया गया ।

वर्ष 2008–09 के दौरान वार्षिक योजना 2008–09 को तैयार किया तथा अनुमोदित व मुद्रित करवाया गया। वार्षिक योजना 2009–10 का प्रारूप भी तैयार किया गया ।

वर्ष 2008–09 के दौरान जिला योजना स्कीम के तहत राज्य के सभी जिलों को राशि जारी की गई ।

वर्ष 2008–09 के दौरान मूल्यांकन अध्ययन नामतः अनुसूचित जाति के मैट्रिक पास विद्यार्थियों को छात्रवृति देना पूर्ण किया गया । इसके अतिरिक्त मूल्यांकन अध्ययन नागतः सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम, खालो का निर्माण, हरियाणा सामुदायिक वानिकी परियोजना व परिवार कल्याण कार्यक्रम का कार्य प्रगति पर रहा ।

20–सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन से सम्बन्धित मासिक/त्रैमासिक प्रगति रिपोंट का नियमित रूप से अनुश्रवण किया गया तथा वांछित सूचना भारत सरकार को भेजी गई ।

जिला सांख्यिकीय एजैंसियां अपने जिलों के जिला सांख्यिकीय सारांश, जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण, नगरपालिका वार्षिक पुस्तक तैयार करने/संशोधन करने में तथा अन्य सांख्यिकीय कार्यकलापों में व्यस्त रहीं ।

अ. शरण

दिनांकः चण्डीगढ़
10-7-2009

अजीत एम0 शरण,
वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
योजना विभाग।

# अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा की वर्ष 2008–09 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट की समालोचना ।

वर्ष 2008–09 में अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा ने संतोषजनक रूप से कार्य किया । हरियाणा राज्य के विभिन्न सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर आंकड़ों को एकत्रित, संकलन तथा विश्लेषण का कार्य पूर्ण किया गया । प्रतिवेदनाधीन वर्ष में इस विभाग द्वारा राज्य सांख्यिकीय सारांश 2007–08 को मुद्रित करवाया गया । इसे गत बजट सत्र के समय अन्य बजट प्रलेखों के साथ विधायकों को वितरित किया गया । यह प्रकाशन नीति निर्णय लेने, विकास योजनाओं के निरूपण हेतु तथा अनुसंधान से सम्बन्धित संस्थाओं के लिये अत्यन्त उपयोगी है । इसी प्रकार हरियाणा के आर्थिक सर्वेक्षण 2008–09 को मुद्रित करवाकर बजट सत्र के दौरान विधायकों को वितरित किया गया ।

इस विभाग द्वारा हरियाणा सरकार के कर्मचारियों की गणना, कृषि श्रमिक मजदूरी की मासिक सूचना, खुदरा तथा थोक भाव, उपभोक्ता कीमत सूचकांक तथा औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक नियमित रूप से जारी किये गये । प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) भावों पर वर्ष 2006–07 के सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय के अनुमान तैयार किये गये । सभी क्षेत्रों से सम्बन्धित वर्ष 2007–08 के सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय के द्रुत अनुमान भी प्रचलित व स्थिर (1999–2000) भावों पर तैयार किये गये । 'हरियाणा सरकार के बजट वर्ष 2008–09 का आर्थिक एवं प्रयोजनवार वर्गीकरण','राज्यों के वित्त का विश्लेषण वर्ष 2007–08 तथा 'हरियाणा राज्य की नगरपालिकाओं/परिषदों /निगमों के बजटों का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण वर्ष 2006–07 नामक प्रतिवेदन तैयार किये गये । वर्ष 2006–07 से सम्बन्धित 'कृषि की आर्थिक व्यवस्था' तथा 'कृषकों का परिवार बजट' पर अध्ययन रिपोर्ट तैयार की गई व मुद्रित करवाई गई ।

इस विभाग के योजना प्रभाग द्वारा वार्षिक योजना 2008–09 को तैयार किया तथा अनुमोदित व मुद्रित करवाया गया । वार्षिक योजना 2009–10 का प्रारूप भी तैयार किया गया ।

वर्ष 2008–09 के दौरान मूल्यांकन अनुभाग द्वारा राज्य में मूल्यांकन अध्ययन नामतः अनुसूचित जाति के मैट्रिक पास विद्यार्थियों को छात्रवृति देना पूर्ण किया गया । इसके अतिरिक्त मूल्यांकन अध्ययन नामतः सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, खालो का निर्माण व हरियाणा सामुदायिक वानिकी परियोजना व परिवार कल्याण कार्यक्रम का कार्य प्रगति पर रहा ।

20 सूत्रीय कार्यक्रम का राज्य तथा जिला स्तर पर नियमित तौर पर अनुश्रवण संतोषजनक रहा । जिला सांख्यिकीय एजेंन्सियां अपने जिलों के जिला सांख्यिकीय सारांश, सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण, नगरपालिका वार्षिक पुस्तक तैयार करने तथा अन्य सांख्यिकीय कार्यकलापों में व्यस्त रहीं ।

अ. श.

दिनांक : चण्डीगढ़
10-7-2009

अजीत एम0 शरण,
वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
योजना विभाग।

गोपनीय

## ज्ञापन

| | |
|---|---|
| कार्यभारी मन्त्री | वित्त एवं योजना मन्त्री, हरियाणा । |
| प्रशासकीय सचिव | वित्तायुक्त एंव प्रधान सचिव,<br>हरियाणा सरकार, योजना विभाग । |

विषय :– अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा की वर्ष 2008–09 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट तथा समीक्षा ।

..............

वर्ष 2008–09 के लिये अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट ( केवल हिन्दी भाषा में ) तथा समीक्षा ( Review ) एंव समालोचना ( Critique ) ( हिन्दी व अंग्रेजी दोनो भाषाओं में ) मुख्य सचिव, हरियाणा के अशा० कमांक 15/19/91–4 पी०पी० दिनांक 30–3–93 के अनुदेशों के अनुसार मन्त्रिपरिषद के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है ।

इस मामले को मन्त्रिपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत करने के लिए मुख्यमन्त्री महोदय की पूर्व अनुमति ले ली गई है ।

अ. श/ [signature]

( अजीत एम० शरण )
वित्तायुक्त एंव प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
योजना विभाग ।

दिनांक, चण्डीगढ़
10-7-2009

# अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 2008–09

अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, योजना विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रणाधीन कार्य करता है । इसके मुख्य कार्य निम्न प्रकार वर्णित हैं :–

(क) राज्य के विभिन्न सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं पर आंकड़ों का संग्रह, संकलन तथा उनका विश्लेषण ।
(ख) राज्य के योजना एवं विकास कार्यक्रमों के निरूपण हेतु अपेक्षित आंकडों का जुटाना ।
(ग) राज्य की विभिन्न आर्थिक तथा सामाजिक पहलुओं से सम्बन्धित समस्याओं का सर्वेक्षण करना ।
(घ) राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के सांख्यिकीय कार्यों का समन्वय करना ।
(ङ) राज्य सरकार को आर्थिक एवं सांख्यिकीय विषयों पर परामर्श देना ।
(च) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (भारत सरकार) तथा अन्य राज्यों के सांख्यिकीय विभागों के साथ सम्पर्क करके कार्य करना ।
(छ) विकास योजनाओं /परियोजनाओं /स्कीमों का मूल्यांकन करना ।
(ज) पंचवर्षीय योजना /वार्षिक योजनाओं को बनाना तथा उनका कार्यान्वयन ।
(झ) जिला योजना के अन्तर्गत जिला स्तर की योजनाओं को बनाना तथा उनका कार्यान्वयन ।
(न) 20–सूत्रीय कार्यक्रम के अधीन विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति का अनुश्रवण करना ।
(ट) विभिन्न विभागों की मानवशक्ति एवं रोजगार गतिविधियों का समन्वय करना तथा मानवशक्ति एवं रोजगार प्रदान करने वाली परियोजनाओं का अध्ययन करना ।

उपर्युक्त गतिविधियों से विदित होता है कि अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा मुख्यतः एक अनुसंधान विभाग है जो कि समय–समय पर नियमित तथा तदर्थ आधार पर सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण /अध्ययन करता है । इस प्रकार इस विभाग के कोई भौतिक लक्ष्य अथवा उपलब्धियां नही होती हैं । फिर भी यह वर्णनीय है कि इस विभाग द्वारा हरियाणा सांख्यिकीय सारांश, हरियाणा का आर्थिक सर्वेक्षण, राज्य वित्त का विश्लेषण, बजट का आर्थिक एवं प्रयोजनवार कार्यात्मक वर्गीकरण, हरियाणा में नगरपालिकाओं /परिषदों /निगमों के बजटों का आर्थिक तथा कार्यात्मक वर्गीकरण, हरियाणा में कृषि की आर्थिक–व्यवस्था का अध्ययन तथा हरियाणा में कृषकों का परिवार बजट सर्वेक्षण रिपोर्ट जैसे कई वार्षिक प्रकाशन नियमित आधार पर मुद्रित करवाए जाते हैं ।

इस विभाग में आर्थिक तथा योजना प्रभागों के अन्तर्गत क्रमशः निम्नलिखित अनुभाग कार्य कर रहे हैं :–

(क) आर्थिक प्रभाग

1. संग्रह तथा संकलन
2. कीमत
3. राज्य आय
4. लोक वित्त
5. क्षेत्रीय लेखा
6. पूंजी निर्माण
7. कृषि
8. राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण एवं सारणीकरण
9. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक
10. प्रशिक्षण
11. सामाजिक सांख्यिकीय सुधार
12. आर्थिक गणना
13. आर्थिक सर्वेक्षण

(ख) योजना प्रभाग

14. योजना निरूपण तथा कार्यान्वयन
15. जिला योजना
16. मूल्यांकन सर्वेक्षण
17. योजना अनुश्रवण
18. मानवशक्ति तथा रोजगार समन्वय

वर्ष 2008–09 में अनुभागों द्वारा किये गये कार्यों का विवरण निम्न प्रकार से है :–

(क) आर्थिक प्रभाग

1. संग्रह तथा संकलन अनुभाग

यह अनुभाग मुख्यतः राज्य के विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं पर सांख्यिकीय सामग्री का संग्रह तथा संकलन करके इनका नियमित रूप से प्रकाशन करवाता है । इस अनुभाग द्वारा प्रकाशित प्रकाशनों से विभिन्न विभागों / विश्वविद्यालयों / अनुसंधान संस्थानों / अनुसंधान–कर्ताओं की दिन प्रतिदिन की सांख्यिकीय आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाता है ।

राज्य सांख्यिकीय सारांश को तैयार करना अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा का एक वार्षिक क्रम है । तदानुसार वर्ष 2008–09 में वर्ष 2007–08 के सांख्यिकीय सारांश को समय पर प्रकाशित करवाकर जारी किया गया । इस प्रकाशन को बजट सत्र ( बजट सैशन) के दौरान अन्य बजट प्रलेखों के साथ विधायकों को वितरित किया गया । इस प्रकाशन में नीति निर्णय लेने, विकास योजनाओं के निरूपण तथा अनुसंधान कार्यो हेतु लगभग सभी महत्वपूर्ण सामाजिक–आर्थिक पहलुओं विशेषकर क्षेत्रफल, जनसंख्या, कृषि, सिंचाई, बिजली, उद्योग, श्रम तथा रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सहकारिता, लोक वित्त, कीमत सूचकांक, राज्य आय आदि के आकड़ों का समावेश किया जाता है । ये आंकड़े राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति को जानने में अत्यधिक सहायक सिद्व होते हैं । यह इस विभाग का महत्वपूर्ण संदर्भ प्रकाशन है, जिसकी मांग गत वर्षो की तुलना में बढती जा रही है ।

केन्द्र तथा राज्यों के सांख्यिकी के संयुक्त सम्मेलन की सिफारिशों के आधार पर अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग,, हरियाणा वर्ष 1967 से प्रति वर्ष कर्मचारी वर्ग की गणना से सम्बन्धित आवश्यक सूचना एकत्रित कर रहा है । इस सूचना का प्रयोग राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में नीति निर्धारण हेतु तथा कर्मचारियों को अन्य वितिय सुविधाएं प्रदान करने हेतु किया जाता है । संदर्भाधीन अवधि के दौरान हरियाणा सरकार के अधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत अमला के आकंडे संदर्भ तिथि 31 मार्च, 2007 से सम्बन्धित परिणामों को अन्तिम रूप दिया गया व कार्ड मुद्रित करवाया गया तथा 31 मार्च, 2008 से सम्बन्धित अमला के आकंडों का संग्रह एव सकंलन का कार्य प्रगति पर रहा ।

कृषि श्रमिक मजदूरी तथा ग्रामीण खुदरा भावों की सूचना मास फरवरी, 2008 से जनवरी, 2009 तक एकत्रित तथा संकलित करके कृषि मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजी गई ।

2. कीमत अनुभाग

साप्ताहिक खुदरा तथा थोक भावों का संग्रह करना तथा श्रमिक वर्ग के लिए उपभोक्ता कीमत सूचकांक तैयार करना इस अनुभाग का उत्तरदायित्व है । रिर्पोटाधीन अवधि में मास फरवरी, 2008 से जनवरी, 2009 तक के श्रमिक वर्ग उपभोक्ता कीमत सूचकांक.( आधार वर्ष 1982=100), छः केन्द्रों नामतः भिवानी, हिसार, सोनीपत, सूरजपुर–पिंजौर, बहादुरगढ तथा पानीपत एवं सकल हरियाणा राज्य के लिए संकलित करके गजट अधिसूचना के रूप में जारी किये गये ।

न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी की हैसियत से जनवरी, 2008 से जून, 2008 तक तथा जुलाई, 2008 से दिसम्बर, 2008 तक के छः माही श्रमिक वर्ग के उपभोक्ता कीमत सूचकांक छः चुने हुए केन्द्रों तथा श्रम ब्यूरो, भारत सरकार द्वारा संकलित यमुनानगर व फरीदाबाद केन्द्रों के उपभोक्ता कीमत सूचकांकों की घोषणा की गई तथा गजट अधिसूचना जारी की गई ।

अम्बाला तथा हिसार के मण्डल मुख्यालयों के दो नगरों में मास अप्रैल, 2008 से मार्च, 2009 तक प्रचलित खुदरा भावों की मासिक समीक्षा तैयार करने उपरान्त राष्ट्रपति महोदय को भेजने हेतु प्रति माह सरकार को प्रस्तुत की गई ।

फरवरी, 2008 से जनवरी, 2009 तक के कृषि पदार्थों के थोक भाव के सूचकांक (आधार वर्ष 1980–81=100) तैयार किये गये ।

ग्रामीण खुदरा भावों की जांच करके मास मार्च, 2008 से फरवरी, 2009 तक का सकंलन कार्य किया गया तथा फरवरी, 2008 से जनवरी, 2009 तक के सूचकांक तैयार किये गये ।

त्रैमासिक मकान किराया सर्वेक्षण से सम्बन्धित तिमाही नामतः मार्च, जून, सितम्बर, तथा दिसम्बर, 2008 की प्राप्त अनुसूचियों की छानबीन करके मकान किराये का सूचकांक तैयार किया गया । प्राईस मोनिटरिंग सैल के लिए मास अप्रैल, 2008 से मार्च, 2009 तक कीमतों की समीक्षा तैयार करके निदेशक, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हरियाणा को भेजी गई ।

### 3. <u>राज्य आय अनुभाग</u>

राज्य आय अनुभाग हरियाणा राज्य के राज्य घरेलू उत्पाद अनुमान तथा प्रति व्यक्ति आय अनुमान प्रचलित तथा स्थिर भावों पर नियमित तौर पर तैयार करता है । ये अनुमान राज्य के आर्थिक विकास के माप के लिए महत्वपूर्ण सूचकांक होते हैं । आर्थिक विकास दर्शाने के साथ–साथ क्षेत्रवार अनुमान राज्य की अर्थ–व्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रकाश डालते हैं ।

हरियाणा राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद एवं प्रति व्यक्ति आय अनुमान वर्ष 2006–07 (अनन्तिम) प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) दोनों भावों पर तैयार किये गये । अतिरिक्त संशोधित सूचना उपलब्ध होने के कारण उक्त अनुमान वर्ष 1999–2000 से 2005–06 तक भी संशोधित किए गए ।

हरियाणा राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय के द्रुत अनुमान वर्ष 2007–08 के लिये व अग्रिम अनुमान वर्ष 2008–09 के लिये प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) दोनों भावों पर तैयार किए गए ।

राज्य घरेलू उत्पाद अनुमान वर्ष 2007–08 (अनन्तिम) तैयार करने हेतु सूचना एकत्रित करने का कार्य जारी रहा । प्राप्त सूचना की छानबीन की गई तथा संकलन कार्य किया गया ।

जिला कुरुक्षेत्र में इस विभाग द्वारा केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय सकल एवं निवल घरेलू उत्पाद के अनुमानों, राज्य आय अनुमानों, केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा प्रस्तावित नान प्रोफिट संस्थाओं के सर्वेक्षण एवं अन्य आर्थिक सूचकांकों बारे विचार विमर्श किया गया ।

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, नई दिल्ली द्वारा गुजरात राज्य में नान प्रोफिट संस्थाओं के सर्वेक्षण सम्बन्धी (दूसरा चरण) कार्य के संदर्भ में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें इस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया ।

4. लोक वित्त

लोक वित्त अनुभाग 'हरियाणा सरकार के बजट का आर्थिक एवं प्रयोजनवार वर्गीकरण' तथा 'राज्यों के वित्त का विश्लेषण' नामक वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करता है ।

वर्ष 2008–09 में "हरियाणा सरकार के बजट वर्ष 2008–09 की आर्थिक एवं प्रयोजनवार वर्गीकरण" तथा "राज्यों के वित्त का विश्लेषण" वर्ष 2007–08 सम्बन्धी रिपोर्ट तैयार की गई ।

5. क्षेत्रीय लेखा अनुभाग

क्षेत्रीय लेखा अनुभाग हरियाणा राज्य की नगरपालिकाओं /परिषदों/ निगमों के बजटों का आर्थिक तथा कार्यात्मक वर्गीकरण सम्बन्धी रिपोर्ट वार्षिक आधार पर तैयार करता है । इसके अतिरिक्त हरियाणा राज्य की ग्राम पंचायतों के बजट ( ब्लाक वार ) तथा पंचायत समितियों के बजटों की सूचना का एकत्रीकरण व संकलन कार्य करता है ।

वर्ष 2008–09 के दौरान हरियाणा राज्य की नगरपालिकाओं/परिषदों/निगमों के बजटों का आर्थिक तथा कार्यात्मक वर्गीकरण सम्बन्धी रिपोर्ट वर्ष 2006–07 तैयार की गई । हरियाणा राज्य की ग्राम पंचायतों के बजट तथा पंचायत समितियों के बजटों का वर्ष 2006–07 का संकलन कार्य पूर्ण किया गया व वर्ष 2007–08 का एकत्रीकरण कार्य प्रगति पर रहा ।

6. पूंजी निर्माण अनुभाग

पूंजी निर्माण अनुभाग राज्य में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वार्षिक आधार पर तैयार करता है ।

रिपोर्टाधीन अवधि में प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) भावों पर वर्ष 2006–07 के सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान उद्योगों के उपयोग, संस्थानुसार एवं परिसम्पत्तियों के प्रकारानुसार तैयार किए गए ।

सकल स्थाई पूंजी निर्माण, हरियाणा की रिपोर्ट वर्ष 1999–2000 से वर्ष 2005–06 तक (आधार वर्ष 1999–2000) पर तैयार की गई ।

7. कृषि अनुभाग

कृषि अनुभाग प्रति वर्ष नियमित तौर पर दो प्रतिवेदन नामतः "हरियाणा में कृषकों की आर्थिक व्यवस्था का अध्ययन" एवं "कृषकों के परिवार बजट अध्ययन" तैयार करता है । कृषकों की आर्थिक व्यवस्था का अध्ययन रिपोर्ट में राज्य के चुने हुये कृषकों की जोतों की विभिन्न फसलों के उत्पादन, लागत तथा आय का अध्ययन किया जाता है । "कृषकों के परिवार बजट अध्ययन" के अन्तर्गत राज्य के चुने हुए कृषक परिवारों की आय तथा व्यय का विश्लेषण किया जाता है । "हरियाणा में कृषकों की आर्थिक व्यवस्था का अध्ययन" व "कृषकों के परिवार बजट वर्ष 2006–07 के प्रतिवेदन तैयार करके मुद्रित करवाए गए तथा समरूप प्रतिवेदन वर्ष 2007–08 को तैयार करने का कार्य प्रगति पर रहा ।

8. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण एवं सारणीकरण अनुभाग

यह अनुभाग भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के सहयोग से क्षेत्रीय सर्वेक्षण करता है । इस सर्वेक्षण के अन्तर्गत विभिन्न चरणों में भूमि उपयोगिता, ऋण तथा निवेश, विनिर्माण, घरेलू मकानों की दशा, उपभोक्ता व्यय तथा रोजगार एवं बेरोजगारी तथा व्यापार आदि कई सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर सूचना एकत्रित की जाती है ।

इस अवधि के दौरान राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 64वें दौर के चतुर्थ उपचरण, ग्रामीण क्षेत्र के 34 सैम्पल तथा शहरी क्षेत्र के 20 सैम्पलों का क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया । 65वें दौर के एक राज्य ग्रामीण तथा एक केन्द्रीय शहरी सैम्पल का एन0एस0एस0ओ0 हरियाणा सर्कल, चण्डीगढ़ के साथ मिलकर संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया ।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 64वें दौर के चतुर्थ उपचरण ग्रामीण क्षेत्र के 36 सैम्पल व शहरी क्षेत्र के 24 सैम्पलों के क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा मुख्यालय से भी इस दौर की ग्रामीण क्षेत्र के 2 व शहरी क्षेत्र के 2 सैम्पलों का निरीक्षण किया गया ।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 65वें दौर से सम्बन्धित क्षेत्रीय प्रशिक्षण सभा मुख्यालय में आयोजित की गई जिसमें सभी सर्कल के जिला सांख्यिकीय अधिकारियों, निरीक्षकों व अवर क्षेत्रीय अनुसंधाताओं ने भाग लिया ।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 65वें दौर के ग्रामीण क्षेत्र के 103 सैम्पल व शहरी क्षेत्र के 70 सैम्पलों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया तथा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 65वें दौर के तृतीय उपचरण तक अलाट किए गए 180 सैम्पलों में से 173 सैम्पल का कार्य सम्पूर्ण किया गया ।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 65वें दौर से सम्बन्धित प्रथम व द्वितीय अर्ध वार्षिक सभा जिला अम्बाला, नारनौल, कुरुक्षेत्र व रोहतक में आयोजित की गई जिसमें सभी सर्कल के निरीक्षकों ने भाग लिया । इस अवधि के दौरान राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 65वें दौर के ग्रामीण क्षेत्र के 88 व शहरी क्षेत्र के 47 सैम्पलों का निरीक्षण किया गया । इस अवधि के दौरान मुख्यालय से भी 65वें दौर के 3 ग्रामीण व 4 शहरी सैम्पलों का निरीक्षण किया गया ।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 62वें चरण (Household Consumer Expenditure, Employment and Unemployment and Manufacturing Enterprises) से सभी 208 सैम्पलों की Data Entry and Validation का कार्य सम्पूर्ण किया गया व validated data, Table generation के लिये DPD, कोलकाता को भेजा गया ।

63वें चरण (Service Sector Enterprises (Excluding trade), Household Consumer expenditure and Employment & Unemployment के 196 सैम्पलों की Data Entry तथा Validation का कार्य पूर्ण किया गया ।

64वें चरण (Employment & Unemployment and Migrations Particulars, Participation & Expenditure in Education and Consumer Expenditure) के 65 सैम्पलों की Data Entry पूर्ण की गई ।

अगस्त, 2008 में राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण के 60वें चरण की रिपोर्ट ( Household Consumer Expenditure ) प्रैस से मुद्रित करवाकर विभिन्न DES को भेजी गई ।

राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण के 65वें चरण का डाटा एन्ट्री साफटवेयर को राज्य के सभी 7 सर्कलों में Load करने उपरान्त 7 जिलों में राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण से सम्बन्धित कर्मचारियों को डाटा एन्ट्री का प्रशिक्षण दिया गया ।

9. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अनुभाग

यह अनुभाग हरियाणा राज्य के मासिक एवं वार्षिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक तैयार करता है । ये सूचकांक औद्योगिक क्षेत्र में हुई प्रगति तथा औद्योगिक क्षेत्र में आये मूलभूत परिवर्तनों को दर्शाते हैं ।

वार्षिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक वर्ष 1999–2000 से 2007–08 तक (आधार वर्ष 1999–2000 ) तैयार किया गया । मास अप्रैल, 2007 से मार्च, 2008 तक का मासिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक भी (आधार वर्ष 1999–2000 ) तैयार किया गया ।

मासिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ( आधार वर्ष 1999–2000 ) तैयार करने के लिये चयन की गई औद्योगिक इकाईयों से चयन किये गये मदों की मास अप्रैल, 2008 से जनवरी, 2009 तक की मासिक औद्योगिक उत्पादन सम्बन्धी सूचना एकत्रित करके छानबीन व संकलन कार्य किया गया व उक्त अवधि का मासिक उत्पादन सूचकांक तैयार करने का कार्य ज़ारी रहा ।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक आधार वर्ष 1993–94 पर वर्ष 1999–2000 से 2006–07 तक की रिपोर्ट तैयार की गई ।

10. प्रशिक्षण अनुभाग

यह अनुभाग मध्य/ निचले स्तर के सांख्यिकीय कर्मचारियों के लिये जिला /राज्य स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है । प्रशिक्षण का उद्देश्य इन कर्मचारियों को सांख्यिकीय आंकडों का प्रारम्भिक ज्ञान जैसे एकत्रीकरण, संकलन, वर्गीकरण, सारणीकरण तथा प्रस्तुतीकरण आदि से परिचय करवाना है । प्रशिक्षणार्थियों को विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्य के बारे भी अवगत कराया जाता है ।

वर्ष 2008–09 के दौरान जिला स्तर पर चार जिलों नामत: करनाल, रोहतक, पानीपत व अम्बाला में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के 92 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया । इसके अतिरिक्त हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान, गुडगांव, लेखा प्रशिक्षण संस्थान, पंचकूला, केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, नई दिल्ली तथा अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिये भेजा गया ।

11. सामाजिक सांख्यिकीय सुधार अनुभाग

यह अनुभाग राज्य में लोगों के सामाजिक जीवन से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर सामाजिक–आर्थिक सूचकों को तैयार करता है । वर्ष 2008–09 के दौरान राज्य सांख्यिकीय सारांश 2007–08 में सम्मिलित करने के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर विभिन्न सूचक तैयार किए गए ।

12. आर्थिक गणना अनुभाग,

वर्ष के दौरान पांचवीं आर्थिक गणना की राज्य स्तरीय रिपोर्ट तैयार की गई ।

13. आर्थिक सर्वेक्षण अनुभाग

हरियाणा राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण 2008–09 जिसमें अर्थ–व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति दर्शाई जाती है, को तैयार कर बजट सत्र के दौरान हरियाणा विधानसभा में प्रस्तुत किया गया ।

ख. योजना प्रभाग

14. योजना निरूपण एवं कार्यान्वयन अनुभाग

यह अनुभाग राज्य की पंचवर्षीय एवं वार्षिक योजनायें तैयार करता है तथा योजना अवधि में योजना स्कीमों के कार्यान्वयन पर नजर रखता है ।

अनुभाग द्वारा वार्षिक योजना 2008–09 से सम्बन्धित राज्य की विकास स्कीमों को कार्यान्वित करने हेतु विभागों से प्राप्त अतिरिक्त राशि की मांग के प्रस्तावों तथा आपस में स्कीमों में स्वीकृत राशि के परिवर्तन के लिये प्राप्त सभी प्रस्तावों की जांच तथा उच्च स्तरीय समीक्षा उपरान्त विभागों को अग्रिम कार्यवाही हेतु आवश्यक परामर्श जारी किये गए ।

योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा राज्य की वार्षिक योजना 2008–09 का योजना परिव्यय 6650.00 करोड़ रूपये अनुमोदित करने उपरान्त इस परिव्यय का क्षेत्रवार आबंटन कर सम्बन्धित विभागों से इसकी स्कीमवार सूचना प्राप्त कर उसका संकलन करके वार्षिक योजना 2008–09 तैयार कर अनुमोदन उपरान्त प्रैस से मुद्रण करवाकर सम्बन्धित विभागों को इसकी प्रति भेजी गई ।

राज्य की संशोधित वार्षिक योजना 2008–09 के संशोधित परिव्यय 7130.00 करोड़ का क्षेत्रवार आंबटन करके मुख्यमन्त्री महोदय से अनुमोदित करवाकर सम्बन्धित विभागों को जारी किया गया ।

दिनांक 25–06–2008 को सदस्य योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा राज्य की वार्षिक योजना 2007–08 की प्रगति समीक्षा करने हेतु हरियाणा निवास, चण्डीगढ में आयोजित की गई बैठक के मुद्दों से सम्बन्धित सूचना तैयार की गई ।

योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा राज्य की वार्षिक योजना 2009–10 का योजना परिव्यय 10,000 करोड रूपए अनुमोदित करने उपरान्त उक्त परिव्यय का क्षेत्रवार आंबटन कर सम्बन्धित विभागों से स्कीमवार प्रस्ताव एकत्रित कर उनका संकलन कार्य प्रगति पर रहा ।

15. जिला योजना अनुभाग

इस अनुभाग द्वारा राज्य स्तर पर जिला योजना स्कीम के कार्यान्वयन सम्बन्धी कार्य किए जाते हैं ।

जिला योजना स्कीम के तहत वर्ष 2008–09 के लिये निर्धारित 100.62 करोड रूपये की राशि स्वीकृति उपरान्त सभी जिलों को आंबटित की गई । जिला योजना की 31–12–2008 तक की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट एकत्रित करने का कार्य प्रगति पर रहा । वर्ष 2007–08 में समाप्त विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो को बदलने बारे एवं बकाया राशि खर्च करने बारे वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव (योजना ) से अनुमति प्राप्त कर मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों को पत्र लिखे गये ।

वर्ष 2004–05 से वर्ष 2006–07 तक के विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत प्राप्त शेष राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार, हरियाणा को भेजने उपरान्त वर्ष 1999–2000 से 2004–05 तक के उपयोगिता प्रमाण–पत्रों के क्लीयरैंस सर्टिफिकेट एकत्रित किए गए ।

राज्य के मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों से विकेन्द्रीकृत योजना के अर्न्तगत जारी राशि के वर्ष 2005–06, 2006–07 तथा 2007–08 के बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्र एकत्रित करने का कार्य जारी रहा ।

निदेशक, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा को स्पैशल कम्पोनैन्ट स्कीम के खर्चे की रिपोर्ट भेजी गई ।

16. मूल्यांकन सर्वेक्षण अनुभाग

यह अनुभाग विकास कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं का मूल्यांकन अध्ययन करता है ताकि उनके सामान्य प्रभाव, कार्यान्वियन करने में विलम्ब के कारण तथा सुधार के लिए उठाये जाने वाले पगों का विश्लेषण किया जा सके ।

वर्ष 2008–09 के दौरान अनूसूचित जाति के मैट्रिक पास विद्यार्थियों को छात्रवृति देने बारे मूल्यांकन अध्ययन रिपोर्ट को पूर्ण किया गया तथा सर्वशिक्षा अभियान कार्यक्रम, खालों का निर्माण, हरियाणा सामुदायिक वानिकी परियोजना व परिवार कल्याण कार्यक्रम के मूल्यांकन अध्ययन का कार्य प्रगति पर रहा ।

17. योजना अनुश्रवण अनुभाग

इस अनुभाग का गठन विकास योजनाओं तथा विभिन्न विकास स्कीमों/ परियोजनाओं की प्रगति का अनुश्रवण करने के लिये किया गया है ।

वर्ष 2008–09 के दौरान वार्षिक योजना 2007–08 की 31 मार्च, 2008 की चतुर्थ त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करके भारत सरकार (वित्त मन्त्रालय एवं योजना आयोग) तथा राज्य सरकार के सम्बन्धित विभागों को प्रेषित की गई ।

वार्षिक योजना 2008–09 के लिये प्रथम तिमाही ( 30-6-08 ), द्वितीय तिमाही ( 30-9-08 ), एव तृतीय तिमाही ( 31-12-08 ), की प्रगति रिपोर्ट संकलित करने उपरान्त भारत सरकार (वित्त मन्त्रालय एवं योजना आयोग) तथा राज्य सरकार से सम्बन्धित विभागों को समयानुसार प्रेषित किया गया ।

योजना आयोग द्वारा वार्षिक योजना 2007–08 के खर्चे की समीक्षा हेतु डा0 श्रीमती सईदा हमीद, सदस्य योजना आयोग, भारत सरकार की अध्यक्षता में 25–6–2008 को चण्डीगढ़ में बैठक का आयोजन किया गया तथा समीक्षा रिपोर्ट योजना आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजी गई ।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित कर रिपोर्ट तैयार की गई । वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना द्वारा बुलाई गई विभिन्न विभागों की बैठक की कार्यवाही की प्रति सम्बन्धित विभागों को भेजी गई ।

वार्षिक योजना 2008–09 की क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय तिमाही की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करके वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना के अनुमोदन उपरान्त योजना आयोग, भारत सरकार, राज्य योजना बोर्ड, वित्त मन्त्रालय, भारत सरकार, वित्त विभाग, हरियाणा को भेजी गई तथा 31 मार्च 2009 को समाप्त होने वाली चतुर्थ त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट की सूचना एकत्रित करने का कार्य प्रगति पर रहा ।

18. मानवशक्ति तथा रोजगार समन्वय अनुभाग

मानवशक्ति तथा रोजगार समन्वय अनुभाग अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा के प्रशासन अधीन कार्य करता है परन्तु इसके तकनीकी कार्य का निरीक्षण विशेष कार्य अधिकारी (मानवशक्ति) करता है। इस अनुभाग का मुख्य कार्य तकनीकी व्यक्तियों जैसे कि डाक्टर, अभियन्ता, अध्यापक तथा कृषि विशेषज्ञों की मांग तथा पूर्ति सम्बन्धी अनुमान लगाना है । योजना परियोजनाओं के अधीन रोजगार तथा बेरोजगारी सम्बन्धी समस्याओं का अध्ययन इसी अनुभाग द्वारा किया जाता है । वर्ष 2008–09 के दौरान हरियाणा प्रथम मानव विकास प्रतिवेदन को HIPA द्वारा तैयार करवाया गया ।

ग– जिला सांख्यिकीय एजैंसियां

जिला सांख्यिकीय एजैन्सियां राज्य के सभी 20 जिलों में कार्य कर रही हैं । कार्यक्रमों, परियोजनाओं के निरूपण एवं चल रहे कार्यक्रमों के अनुश्रवण के लिए ये एजैन्सियां अभीष्ट आंकडे प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं । जिला सांख्यिकीय एजैन्सियों के मुख्य कार्य संक्षिप्त रूप से नीचे वर्णित हैं :–

क– जिले की आर्थिक तथा सामाजिक परिस्थितियों पर सभी प्रकार के आंकडों का संग्रह, संकलन तथा पोषण करना ।
ख– आंकडे प्रदान करने वाली अन्य एजैन्सियों को संग्रह तथा संकलन कार्य के संदर्भो में मार्ग दर्शन प्रदान करना तथा निरीक्षण करना ।
ग– जिला स्तर पर किये जाने वाले सर्वेक्षणों में आवश्यक सहायता प्रदान करना ।
घ– विभिन्न कार्यालयों में सांख्यिकीय सूचना एकत्रित करने वाले तथा सूचना प्रदान करने वाले कर्मचारियों को समय–समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना ।
ड– जिला स्तर के विभिन्न कार्यालयों में सांख्यिकीय गतिविधियों का समन्वय करना ।

जिला सांख्यिकीय एजैन्सियों द्वारा की जाने वाली नियमित सांख्यिकीय गतिविधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :–

I जिला सांख्यिकीय सारांश

जिला स्तर पर जिला सांख्यिकीय कार्यालय, जिला के विभिन्न सामाजिक तथा आर्थिक पक्षों को दर्शाने वाले आंकडों का संग्रह तथा सकंलन करने वाली प्रमुख एजैन्सी है । इस विषय पर मुख्य प्रकाशन जिला सांख्यिकीय सारांश है जिसमें क्षेत्रफल, जनसंख्या, कर्मियों का व्यवसाय के अनुसार वितरण, अनुसूचित जातियों की जनसंख्या, साक्षरता, वर्षा, भू–उपयोगिता, फसलों के अधीन क्षेत्र, फसलों का उत्पादन, सिंचित निवल क्षेत्र, सिंचित कुल क्षेत्र, ट्रैक्टर, नलकूप तथा पम्प सैट, वन, पशुधन और पशुपालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, उद्योग, श्रम तथा रोजगार, चिकित्सा और स्वास्थ्य, शिक्षा, सहकारिता, परिवहन, सडकें, अपराध, स्थानीय निकाय, पंजीकरण, बैकिंग, सामुदायिक विकास, कीमतें आदि सभी प्रकार के आंकडों का समावेश किया जाता है । वर्ष 2008–09 के दौरान जिला सांख्यिकीय सारांश वर्ष 2006–07 सभी जिला सांख्यान कार्यालयों द्वारा तैयार किया गया ।

II कीमत सम्बन्धी आंकडे

जिला सांख्यिकीय कार्यालयों पर मार्किट कमेटियों से कृषि पदार्थो की थोक कीमतों, जिला मुख्यालय नगरों से खुदरा भाव तथा चुने हुए बाजारों तथा औद्योगिक कस्बों से परचून कीमतें एकत्र करने का उत्तरदायित्व है । इन आकड़ों का प्रयोग राज्य स्तर पर सूचकांक तैयार करने के लिए भी किया जाता है ।

III मण्डी आमद

जिला सांख्यिकीय कार्यालयों द्वारा विभिन्न कृषि पदार्थो के मण्डी आमद सम्बन्धी आंकड़े भी एकत्रित किये जाते हैं । इन आकडों का नियमित रूप से मार्किट कमेटियों से संग्रह किया जाता है तथा उन्हें काल श्रृंखला (टाईम सीरीज) के रूप में रखा जाता है ।

IV नगरपालिका वार्षिक पुस्तक

नगरपालिका वार्षिक पुस्तक में प्रत्येक जिले की नगरपालिकाओं के क्षेत्रफल, जनसंख्या, नगरपालिका के व्यवसाय, वर्षा, चिकित्सा, शिक्षा तथा अन्य सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं के महत्वपूर्ण आंकड़े होते हैं । शहरी स्तर की सामाजिक तथा आर्थिक सूचना के लिये यह प्रकाशन बहुत उपयोगी है । वर्ष 2008–09 के दौरान नगरपालिका वार्षिक पुस्तक वर्ष 2006–07 सभी जिला सांख्यान कार्यालयों द्वारा तैयार की गई ।

V 20 सूत्रीय कार्यक्रम

उपायुक्तों एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समितियों द्वारा जिला स्तर पर चल रहे 20–सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति का पुनरीक्षण प्रत्येक माह किया गया तथा जिला सांख्यिकीय एजैन्सियों द्वारा मासिक सूचना तैयार की जाती रही ।

VI जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण

जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण वर्ष 2006–07 जिसमें जिला स्तर पर विभिन्न सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों से सम्बन्धित आंकड़ों का संक्षिप्त विवरण हैं, सभी जिलों द्वारा तैयार किया गया ।

घ जिला योजना कार्यालय

हरियाणा में जिला स्तर पर विकेन्द्रीकृत योजना सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू की गई । इस योजना के अन्तर्गत इस विभाग द्वारा सभी जिलों में जिला योजना कार्यालय खोले गये हैं । इनके कार्य की देख रेख जिलों के सम्बन्धित अतिरिक्त उपायुक्त करते हैं जिनको कि मुख्य योजना एवं विकास अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ है । 2007–08 में विकेन्द्रीकृत योजना को समाप्त कर जिला योजना नामक नई स्कीम शुरू की गई है । ये कार्यालय अपने जिलों में स्थानीय स्तर के विकास के लिए नई स्कीमों को जिले की जिला योजना समिति से अनुमोदित करवाकर राज्य सरकार द्वारा जारी की गई राशि से इनको कार्यान्वित करवाते हैं । इस योजना के अर्न्तगत वर्ष 2008–09 में विभिन्न स्कीमों के अनुमोदन के लिये तथा किये गए कार्यो की प्रगति की समीक्षा के लिये विभिन्न जिला योजना समितियों की बैठक नियमित रूप से बुलाई गई ।

ड चौकसी से सम्बन्धित सूचना

उक्त अवधि के दौरान चौकसी विभाग से इस विभाग के कर्मचारियों से सम्बन्धित कोई मामला नोटिस में नहीं लाया गया ।

अर्थ तथा सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, हरियाणा में कार्य कर रहे अधिकारियों /कर्मचारियों का ब्यौरा संलग्नक के रूप में आगामी पृष्ठों पर उपलब्ध है ।